भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.04.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5655 का उत्तर

समूह 'ग' और 'घ' रिक्तियों के लिए भर्ती

5655. श्रीमती चिंता अनुराधा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) पिछले पांच वर्षों में वाल्टेयर, विजयवाड़ा, गुंटूर और गुंतकल डिवीजनों के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड, सिकंदराबाद द्वारा आयोजित ग्रुप-सी रिक्तियों और भर्तियों की संख्या कितनी है; और

(ख) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान रेलवे भर्ती सेल द्वारा दक्षिण तटीय रेलवे जोन के अंतर्गत ग्रुप-डी रिक्तियों के लिए मंडल-वार भर्ती का आयोजन किया गया?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

समूह 'ग' और 'घ' रिक्तियों के लिए भर्ती के संबंध में 06.04.2022 को लोक सभा में श्रीमती चिंता अनुराधा के अतारांकित प्रश्न सं.5655 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क): 2016-2017 से 2020-2021 तक विगत पांच वर्षों के दौरान पूर्व तट और दक्षिण मध्य रेलवे के वाल्टेयर, विजयवाड़ा, गुंटूर और गुंतकल मंडलों के लिए विभिन्न समूह 'ग' की रिक्तियों हेतु रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा की गई समूह 'ग' की भर्तियों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

रेलवे	मंडल	की गई भर्ती
पूर्व तट रेलवे	वाल्टेयर	2481
दक्षिण मध्य रेलवे	विजयवाड़ा	1547
	गुंटूर	333
	गुंतकल	1789

(ख): दक्षिण तट रेलवे ज़ोन के किसी भी रेल भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा कोई भी भर्ती नहीं की गई है।

*****